उत्तर प्रदेश शासन

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2

संख्या-31/2017/2881 /78-2-2017-143आईटी/2014

लखनऊः दिनांकः16 अक्टूबर, 2017

कार्यालय- आदेश

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग कार्यालय आदेश संख्या-2774/78-2-2017-143आईटी/2014 दिनांक 4 सितम्बर 2017 द्वारा प्रदेश में जन सामान्य को विभिन्न शासकीय सेवाएं त्वरित, पारदर्शी तथा कुशलतापूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में प्रचलित विभिन्न ई- गवर्नेन्स योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा ई-गवर्नेन्स के सतत विकास के उद्देश्य से आई0टी0 विशेषज्ञ से सुसज्जित वर्चुअल आई0टी कैडर की स्थापना के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 के पत्र संख्या-1733/78-2-2016-143आईटी/2014, दिनांक 21-09-2016 में निहित व्यवस्थानुसार आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में कार्यरत श्री जी0एस0 नवीन कुमार, विशेष सचिव एवं श्री एम0बी0 सिंह, संयुक्त सचिव को वर्चुअल आई0टी कैडर में कार्यालय आदेश संख्या-4032/78-2-2016-143आई0टी0/2014 दिनांक 09 दिसम्बर 2016 द्वारा नामित किया गया था, को निरस्त करते हुए उक्त दोनों अधिकारियों के स्थान पर आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में कार्यरत डा0 अखिलेश कुमार मिश्रा विशेष सचिव आई0टी0 एवं इले0 अनुभाग-2 को वर्चुअल आई0टी कैडर में नामित किया गया है।

2- उक्त कार्यालय आदेश दिनांक 04 सितम्बर 2017 में आंशिक संशोधन करते हुए कार्यालय आदेश संख्या-4032/78-2-2016-143आई0टी0/2014 दिनांक 09 दिसम्बर 2016 द्वारा वर्चुअल आई0टी0 कैडर हेतु नामित श्री एम0बी0 सिंह संयुक्त सचिव को पुन: दिनांक 4-9-2017 से ही पूर्ववत निरंतरता में आई0टी0 एवं इले0 विभाग के वर्चुअल आई0टी0 कैडर में नामित बनाए रखने का निर्णय लिया गया है।

3- कृपया कार्यालय आदेश दिनांक 4-9-2017 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाये।

डा0 अखिलेश कुमार मिश्रा
विशेष सचिव

संख्या-2881(1)/78-2-2017, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, यूपीएलसी।
4. विशेष सचिव, इरला चेक अनुभाग, उ0प्र0 सचिवालय।
5. अनुभाग अधिकारी आईटी एवं इले0 अनुभाग-1/2 ।
6. राज्य समन्वयक, सीईजी, गोमतीनगर, लखनऊ।
7. सम्बन्धित अधिकारीगण।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 अखिलेश कुमार मिश्रा)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in